भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3090

09 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर के मामले

3090. डॉ. राजेश मिश्रा:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार वर्ष 2024 से देश भर के नामित अस्पतालों में सभी लड़कियों को मुफ्त गर्भाशय ग्रीवा कैंसर का टीका उपलब्ध कराने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास ऐसी लड़कियों का कोई डेटा है जो अत्यधिक कीमत के कारण उक्त टीका नहीं लगवा पाती हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार कोविड-19 टीके की तर्ज पर गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के टीके के विनिर्माण और देश के विनिर्दिष्ट अस्पतालों में इसके टीकाकरण के लिए दवा कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ङ): सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के तहत 12 वैक्सीन निवारणीय रोगों (वीपीडी) के लिए 11 वैक्सीन उपलब्ध कराई जाती हैं। गर्भाशय ग्रीवा कैंसर का टीका सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) का हिस्सा नहीं है।

******